# महात्मा गाँधी बालिका विद्यालय (पी.जी.) कॉलेज, फिरोजाबाद

(NAAC Accredited : B+ Grade)

सम्बद्धः डॉ0 भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय, आगरा

रेंजर्स वार्षिक
रिपोर्ट
सत्र– 2022–2023
दिनाँक – 21.02.2023 से 23.02.2023 तक




अंकिता ठाकुर
असिस्टेंट प्रोफेसर
(राजनीति शास्त्र विभाग)
रेंजर्स प्रभारी

# महात्मा गाँधी बालिका विद्यालय (पी.जी.) कॉलेज, फिरोजाबाद

## रेंजर्स तीन दिवसीय प्रवेश मूल्यांकन जाँच शिविर
## रिपोर्ट
## सत्र – 2022–2023
## दिनाँक – 21.02.2023 से 23.02.2023 तक

महात्मा गाँधी बालिका विद्यालय (पी.जी.) कॉलेज, फिरोजाबाद में दिनाँक 21.02.2023 से 23.02.2023 तक रेंजर्स का तीन दिवसीय प्रवेश मूल्यांकन जाँच शिविर लगाया गया। शिविर में कुल 32 छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

दिनाँक 21.02.2023 को शिविर के प्रथम दिवस के अवसर पर सर्वप्रथम प्राचार्या जी ने सरस्वती माँ के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलित किया। तत्पश्चात् प्रार्थना और झण्डा रोहण रेंजर्स प्रभारी अंकिता ठाकुर के निर्देशन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में रसायन विभाग से रीता दीक्षित, संस्कृत विभाग से डॉ0 राज्यश्री मिश्रा और संगीत विभाग से डॉ0 निष्ठा शर्मा उपस्थित रहीं। शिविर के प्रथम दिन डिस्ट्रिक्ट ट्रेनिंग कमिश्नर श्री कोमल सिंह यादव जी तथा ट्रेनिंग काउंसलर श्रीमती अनीता यादव जी के निर्देशन में छात्राओं ने रेंजर्स के इतिहास और परिचय के बारे में जाना। प्रशिक्षकों के द्वारा छात्राओं को ध्वज शिष्टाचार, स्काउटिंग और गाइडिंग के नियम, प्रतिज्ञा, टोली, प्रणाली, प्राथमिक चिकित्सा, मार्च पास्ट, सैल्यूट, बायें हाथ का मिलाना आदि के बारें में प्रशिक्षण दिया।




दिनाँक 22.02.2023 को कैम्प के द्वितीय दिवस पर झण्डारोहण के साथ कार्यक्रम का प्रारम्भ हुआ। 22 फरवरी को स्काउट/गाइड के जन्मदाता लार्ड बेडेन पावेल का जन्मदिन होता है। इसलिए इस दिन महाविद्यालय में बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ सर्व धर्म प्रार्थना के रूप में कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या डॉ0 अंजु शर्मा के मार्गदर्शन में हुई। प्रार्थना सभा में रेंजर्स द्वारा विभिन्न धर्मो की प्रार्थना की गई। कार्यक्रम में उपस्थित डॉ0 राज्यश्री मिश्रा ने स्काउट गाइड के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए सर्व धर्म प्रार्थना के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि सभी धर्म समान होते



है कोई भी धर्म बड़ा या छोटा नहीं होता और अगर हम इस सोच के साथ काम करेंगें तो अपने साथ–साथ अपने समाज और देश के विकास में भी योगदान दे सकेंगें। रेंजर्स प्रभारी अंकिता ठाकुर ने बताया कि भारत की विशेषता विभिन्नता में एकता है और हमारे देश का विकास तभी हो सकेगा जब यह एकता कायम रहेगी और इसके लिए हमें सभी धर्मो का सम्मान करना चाहिए। स्काउट और गाइड का महत्व समझाते हुए उन्होंने बताया कि शिविर के दौरान हम विभिन्न गतिविधियाँ सीखते है जो हमारे सर्वागीण विकास में बहुत मदद करती है। शिविर में हम आपस में मिल–जुल कर रहना सीखते है, जो हमारे विकास में बहुत सहायक है। कार्यक्रम में डॉ0 अमृता सिंह, माया मधुर, डॉ0 रिचा सिंह, डॉ0 चर्चा, निशा और पारूल बरनवाल उपस्थित रहे।

इस सभा के बाद डिस्ट्रिक्ट ट्रेनिंग कमिश्नर श्री कोमल सिंह यादव जी तथा ट्रेनिंग काउंसलर श्रीमती अनीता यादव जी ने छात्राओं को गाँठें, बन्धन, वर्दी, तम्बू–निर्माण, गैजेट्स, कैम्प फायर आदि के बारे में प्रशिक्षण दिया।



दिनाँक 23.02.2023 को कैम्प के समापन दिवस के अवसर पर सर्वप्रथम प्राचार्या जी ने झंडा रोहण किया। उसके बाद तम्बू–निर्माण प्रतियोगिता आयोजित हुई।जिसमें पाँच टोलियों ने प्रतिभाग किया जिसमें से रानी अवन्ती बाई ने प्रथम, अहिल्या बाई होल्कर ने द्वितीय तथा रानी दुर्गावती ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। उसके बाद भोजन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें पाँच टोलियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें रानी अवन्ती बाई प्रथम, रानी दुर्गावती ने द्वितीय, तथा अहिल्याबाई होल्कर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। उसके बाद कैम्प फायर का आयोजन किया गया। कैम्प फायर में सृष्टि जैन, लवी जैन, तथा निशा चतुर्वेदी ने मनमोहक देश भक्ति और लोक नृत्य की प्रस्तुति दी।





उसके बाद महिला सशक्तिकरण पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें से हर टोली से तीन–तीन रेंजर्स ने प्रतिभाग किया। जिसमें से दुर्गावती टोली से रिया सिंह ने प्रथम , अहिल्याबाई होल्कर टोली से डॉली ने द्वितीय, तथा झलकारी बाई टोली से रेनू कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। उसके बाद देशभक्ति गीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें पाँच टोलियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें से रानी अवन्ती बाई ने प्रथम, रानी झलकारी बाई ने द्वितीय तथा रानी दुर्गावती और अहिल्याबाई होल्कर ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। उक्त प्रतियोगिताओं में अध्यक्षा महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ0 अंजु

शर्मा उपस्थित रहीं। विशिष्ट अतिथि में कला विभाग से डॉ0 पूनम उपस्थित रहीं। निर्णायक मण्डल में संगीत विभाग से डॉ0 निष्ठा शर्मा , खेल विभाग से डॉ0 अमृता सिंह तथा समाजशास्त्र विभाग से डॉ0 चर्चा तथा डॉ0 रिचा सिंह मौजूद रहीं।



कार्यक्रम के अन्त में रेंजर्स प्रभारी अंकिता ठाकुर द्वारा दीक्षा संस्कार सम्पन्न कराया गया। दीक्षा संस्कार के बाद प्राचार्या डॉ0 अंजु शर्मा ने छात्राओं को आशीष वचन प्रदान करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम का समापन तो है परन्तु आज यहाँ पर दीक्षा प्राप्त रेंजर्स के जीवन की नई शुरूआत है और छात्राओं से कहा जीवन पर्यन्त रेंजर्स नियम का पालन करते हुए सेवा के लिए समर्पित रहना है। कार्यक्रम में मौजूद डॉ0 निष्ठा शर्मा ने छात्राओं की हौसला अफजाई करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएँ दी। कार्यक्रम का समापन करते हुए रेंजर्स प्रभारी अंकिता ठाकुर ने वहाँ मौजूद सभी अतिथियों और प्रशिक्षकों का धन्यवाद किया। उन्होंने रेंजर्स को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि आज दीक्षा प्राप्त करने के वह जीवन पर्यन्त रेंजर्स के नियम को याद रखते हुए सेवा भाव से काम करेंगी। उन्होंने कहा महाविद्यालय का काम सिर्फ शिक्षण प्रदान करना ही नहीं बल्कि छात्राओं का सर्वांगीण विकास करना भी है और रेंजर्स में यह कोशिश की जाती है। कि छात्राओं की प्रतिभा को निखार कर उन्हें देश के विकास में सहायक बनाया जा सके। कार्यक्रम में डॉ0 संध्या द्विवेदी, प्रज्ञा केसरवानी, डॉ0 अमृता सिंह, माया मधुर, डॉ0 रिचा सिंह, डॉ0 प्रिया सिंह, निशा डॉ0 चर्चा, पारूल बरनवाल, कीर्ति, प्रीति सिहं, ऐश्वर्या गुप्ता, तथा ड्रीम गोला आदि उपस्थित रहे।

03.03.2023

डॉ0 अंजु शर्मा
अध्यक्षा Principal
M.G.B.V. (P.G.) College
Firozabad

Ankita Thakur
अंकिता ठाकुर
रेंजर्स प्रभारी
रेंजर्स प्रभारी
महात्मा गाँधी बालिका पी०जी० कॉलेज
फिरोजाबाद